# कार्यालय पुलिस अधीक्षक, हिसार

## सार्वजनिक सूचना

**जिला पुलिस हिसार में 39 स्पेशल पुलिस ऑफिसर (S.Ps.O.) एक वर्ष के लिए अस्थाई व मानदेय के आधार पर चयन के संबंध में सूचना :**

जिला पुलिस हिसार में 39 एस.पी.ओ. के पदों पर अस्थाई व मानदेय के आधार पर चयन किया जाएगा। न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 10 पास है। इस प्रक्रिया में भारतीय सेना से सेवानिवृत सैनिक (एक्स सर्विसमैन), सीएपीएफ से सेवानिवृत कर्मी, एच. आई.एस.एफ. व एच. ए. पी. 2004 में सेवा मुक्त किये गये जवानों को प्राथमिकता दी जाएगी। अतः उक्त श्रेणीयों से जो भी एस.पी.ओ. (स्पेशल पुलिस ऑफिसर) के पद पर कार्य करने के इच्छुक हैं, वे सभी दिनांक 16.06.2025 से 17.06.2025 तक समय सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे कार्यालय प्रबंधक नई पुलिस लाइन, बरवाला रोड, हिसार में अपने वर्तमान 2 फोटो, मूल दस्तावेज, व उनकी दो-दो सत्यापित प्रतियों के साथ पहुंचना सुनिश्चित करें।

**सेवा शर्ते :-**

1. इस भर्ती प्रक्रिया में भाग लेने वाले अभ्यर्थियों की आयु 25 से 50 वर्ष के बीच हो।
2. इस भर्ती प्रक्रिया में शामिल होने वाले सदस्य अपने साथ अपनी सर्विस / डिस्चार्ज बुक की छाया प्रति, आयु प्रमाण-पत्र, चार फोटो पासपोर्ट साईज, चरित्र प्रमाण पत्र, पहचान पत्र, एस. सी/ एस.टी व बी.सी. प्रमाण पत्र इत्यादि दस्तावेज अवश्य साथ लेकर आएं।
3. चयनित एस.पी.ओ. (स्पेशल पुलिस ऑफिसर) एक वर्ष की अवधि के लिए या नियमित आधार पर व्यक्तियों की नियुक्ति की तिथि तक, जो भी पहले हो, तक नियोजित किया जाएगा।
4. एसपीओ को कम अवधि के लिए आपात स्थितियों के दौरान हरियाणा राज्य में कहीं भी तैनात किया जा सकता है।
5. स्वयंसेवी एसपीओ अनुशासनहीनता, कदाचार और कर्तव्य के असंतोषजनक प्रदर्शन या गैर-आवश्यकता के आधार पर एक वर्ष की अवधि से पहले किसी भी समय संबंधित पुलिस अधीक्षक द्वारा बिना कोई नोटिस जारी किए एक आदेश द्वारा हटाए जाने के लिए उत्तरदायी होंगे। बर्खास्तगी के इस आदेश के खिलाफ किसी भी वरिष्ठ या किसी न्यायालय के समक्ष कोई अपील नहीं होगी।

कृते पुलिस अधीक्षक हिसार।

**PRDH:- 1084/11/3505/2026/35574/1/6 Dt: 12/06/2025**